## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 1006.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 सितम्बर तक 1006.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 8.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1239.2 मिली मीटर, पुसौर में 1065.5, खरसिया में 970.3, घरघोड़ा में 1061.6, तमनार में 906.4, लैलूंगा में 904.4, मुकडेगा में 941.7, धरमजयगढ़ में 917.9 छाल में 998.8 एवं कापू में 1055 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 30 सितम्बर तक मंगाए गए प्रविष्टियां

**रायगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है। यह योजना उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं एवं नियोक्ताओं को पुरस्कृत करने से दिव्यांग व्यक्तियों के समग्र पुनर्वास हेतु समुदाय को प्रेरित करने का अवसर प्राप्त होता है। जिले के उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं एवं नियोक्ताओं से 30 सितम्बर 2024 तक कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण जिला पंचायत कैम्पस, रायगढ़ में कार्यालयीन समय में प्रविष्टियां मंगाए गए है। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय में संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

### भटगांव क्षेत्र के आंगनबाड़ी सहायिका के लिए दावा आपत्ति हेतु अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले के भटगांव परियोजना के अधीन आंगनबाड़ी सहायिका के कुल 12 रिक्त पद, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम ओटगन, पीपरभावना (ते), तिलाईपाली, कोसमकुंडा 02, जमगहन 03, धनौरा, गढ़भाटा, कोदवा व शहरी क्षेत्र में नगर पंचायत भटगांव के वार्ड 5, 8 और 12 में नियुक्ति के लिए पात्र महिला आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्र का मूल्यांकन समिति द्वारा जांच परीक्षण किया गया है। जांच उपरांत प्रथम मूल्यांकन सूची तैयार किया गया है। जारी प्रथम सूची पर जिस किसी आवेदिका को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है, वे अपना लिखित दावा आपत्ति 25 सितम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति में अलग से कोई भी नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### नवोदय विद्यालय के कक्षा 6वीं के प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन अब 7 अक्टूबर तक आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से पहले 16 और 23 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसे बढ़ाकर अब अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2024 किया गया है। विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन https://navodaya.gov.in में जाकर आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को निर्धारित है। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम में आमंत्रित है। विद्यार्थी किसी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं में पढ़ रहा हो। अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच का होना चाहिए।

# लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय-सीमा में निराकृत करना अधिकारियों की जिम्मेदारी -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों पर ब्रेक इन सर्विस की कार्यवाही कर सेवा पुस्तिका में करें दर्ज
- कलेक्टर गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक



**रायगढ़**

कलेक्टर गोयल ने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लोक सेवा गारंटी के मामलों के निराकरण के समय-सीमा से बाहर जाने वाले प्रकरणों को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है वे नियमित रूप से प्राप्त आवेदनों को देखें और निराकरण के लिए तत्काल उचित कदम उठाएं। ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति नही होनी चाहिए। कलेक्टर गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज के प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टर गोयल ने बीते दिनों आयोजित जन समस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों से मिले आवेदनों पर कार्यवाही करना विभागों के सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है। विभाग प्रमुख इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर गोयल ने अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय को प्रति सप्ताह निराकरण की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने केसीसी निर्माण को लेकर कहा कि लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति धीमी है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। रबी का सीजन शुरू होने जा रहा है इस अवधि में कृषि विभाग के साथ पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य पालन विभाग केसीसी बनाने का कार्य तेजी से करें। कलेक्टर गोयल ने कहा कि किसानों को केसीसी के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋण मिलता है, कृषि कार्य में लगे किसानों के साथ ही पशुपालन, उद्यानिकी फसल और मछली पालन करने वाले किसानों के केसीसी कार्ड बनाए। इससे उन्हें कृषि कार्यों के लिए आर्थिक सहायता मिलेगी। मनरेगा के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा के दौरान लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश सभी संबंधित विभागों को कलेक्टर गोयल ने दिए।

लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही को लेकर कलेक्टर गोयल ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे लोगों पर शासन के मूलभूत नियमों के तहत कार्यवाही कर उसे उनकी सेवा पुस्तिका में दर्ज करें। जिससे उनकी सेवा और पेंशन गणना के समय इसका संज्ञान लिया जा सके।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**'मायभारत' पोर्टल में वॉलंटियर का करवाएं पंजीयन**

कलेक्टर गोयल ने बताया कि विभिन्न विभागों के योजनाओं अंतर्गत आयोजित जनकल्याण कार्यक्रमों में वॉलंटियर के लिए इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल में रजिस्टर कर सहभागी बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं और छात्राओं के बीच इसका प्रचार करने के साथ उनका सहयोग विभिन्न कार्यक्रमों में लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को ऐसे आयोजनों को करीब से देखने और उसमें सक्रिय सहभागिता का अवसर मिलेगा।

## बिहान की दीदियों ने विभिन्न जगहों की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**रायगढ़**




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की दीदी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। जिले के ग्रामीण अंचल में गठित 13475 स्व-सहायता समूहों में सम्मलित लगभग 1,45,000 सदस्य दीदियों ने स्वच्छता का संदेश के रूप व्यक्तिगत तथा सामुहिक रूप से अपने स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता को अपनाए जाने का परिचय दिया। दीदियों ने ग्रामीण अंचल के प्रत्येक पंचायतों में सामूहिक श्रमदान देकर कचरा एकत्र होने वाले स्थानों की सफाई में सहयोग दिए। साथ ही धार्मिक स्थलों, विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में अपना श्रमदान देकर वृहद रूप से सफाई अभियान चलाया।

इस दौरान समूह की दीदियों ने एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधरोपण भी किए। सभी पंचायतों के संकुल एवं ग्राम संगठनों की दीदियों ने मिलकर लगभग 9328 से ज्यादा पौधे लगाये एवं उसके संरक्षण करने की शपथ ली। हर संकुल संगठन, ग्राम संगठन एवं स्व-सहायता समूहों के दीदियों ने अपने और आस-पास तथा अपने पंचायतों को स्वच्छ एवं साफ.-सफाई युक्त रखने की शपथ ली और अपने गांव में दीवार लेखन के जरिए लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किए।

## बाबाधाम परिसर में किया गया साफ-सफाई : स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से जिले के धार्मिक, पर्यटन स्थलों में किया जा रहा है सफाई कार्य

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में स्वच्छता ही सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के उपस्थिति में कोसमनारा स्थित बाबाधाम परिसर में सफाई कार्य करते हुए स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया।

जिला पंचायत, जनपद पंचायत के कर्मचारी, सचिव, रोजगार सहायक, महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य एवं स्वेच्छाग्राही सहित लगभग 150 लोगों के द्वारा आज सुबह बाबाधाम मंदिर एवं परिसर में साफ-सफाई किया गया। इस दौरान रैली निकालते हुए स्वच्छता का शपथ भी दिलाया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के सभी जनपद पंचायत के सभी ग्राम पंचायत स्तर पर श्रमदान के माध्यम से मंदिर, धार्मिक स्थल एवं पर्यटन स्थलों में साफ -सफाई किया जा रहा है। इसके साथ ही जनसामान्य को जागरूक करने हेतु महिला समूह एवं ग्रामवासियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस दौरान मंदिर परिसर में स्थित दुकानदारों एवं समिति को कुड़ेदान के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी स्वच्छता ही सेवा महेश पटेल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलाराम पटेल, सीईओ जनपद रायगढ़ भाग्यश्री मिश्रा, एडिशनल सीईओ जनपद रायगढ़ सनत नायक सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आबकारी सचिव आर.संगीता पहुंची रायगढ़ के औचक प्रवास पर, विभागीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक : मदिरा दुकानों के व्यवस्थित संचालन के दिए निर्देश

- रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर, एसपी बैठक में हुए शामिल



**रायगढ़**

सचिव आबकारी विभाग आर.संगीता आज औचक प्रवास में रायगढ़ पहुंची। यहां उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के आबकारी अमले की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर एमडी बेवरेज कॉर्पोरेशन श्याम धावड़े, कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल, कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ धर्मेश साहू, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग पटेल, पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुष्कर शर्मा भी बैठक में शामिल हुए।

सचिव आबकारी आर.संगीता ने रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ के मदिरा दुकानों एवं अहाता के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दोनों जिलों में कार्यरत एडीओ, उपनिरीक्षक एवं मैदानी अमले की जानकारी ली। जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़ में स्थित मदिरा दुकानों के संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से समन्वय बनाकर कार्ययोजना अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। मदिरा दुकानों में ओवर रेटिंग एवं मिलावट जैसी शिकायतें न हो इस हेतु आबकारी विभाग के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों को मदिरा दुकान आबंटित कर उसके सतत् निगरानी के निर्देश दिए। सचिव आबकारी आर.संगीता ने मदिरा दुकानों में संचालित अहातों का नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करने एवं साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। मदिरा दुकानों में मैन पावर उपलब्ध कराने हेतु नियोजित एजेंसी, सिक्युरिटी एजेंसी, कैश कलेक्शन एजेंसी एवं परिवहनकर्ता के प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया।

सचिव आबकारी आर.संगीता ने ग्राहकों की मांग अनुसार समस्त प्रचलित ब्रांड की उपलब्धता की जानकारी मोबाईल एप के माध्यम से ग्राहकों को शीघ्र उपलब्ध कराने जाने की बात कही। आगामी महीनों में मदिरा दुकानों के समस्त सीसी टीवी कैमरों को इंटीग्रेटेड सिस्टम से जोड़कर मदिरा दुकानों की समस्त गतिविधियों को अधिकाधिक पारदर्शी बनाये जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी अमले को प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु होमगार्ड के माध्यम से आवश्यक महिला बल उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर एवं एसपी को निर्देशित किया। मदिरा दुकान स्थानांतरण के संबंध में मदिरा दुकान विहीन क्षेत्रों में विहित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए दुकानें स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। राज्य स्तरीय दल द्वारा जिले की मदिरा दुकानों एवं अहातों का औचक निरीक्षण भी किया गया।

बैठक में अपर आयुक्त आबकारी आर.के.मंडावी, आशीष श्रीवास्तव, संयुक्त प्रबंध संचालक पी.एल.साहू, सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ रामकृष्ण मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी सारंगढ़ सोनल नेताम सहित आबकारी विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा सराईपाली के आंगनबाड़ी केन्द्र में लगाया गया जांच शिविर

**रायगढ़**



जिले के सराईपाली में विगत कुछ दिनों में डायरिया के 11 केस पाये गये थे। जिसके लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बी.के.चंद्रवंशी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा व जिला नोडल अधिकारी डॉ. केनन डेनियल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया जा रहा है अभी वहां डायरिया पूरी तरह से नियंत्रण में है, सभी मरीजों की स्थिति सामान्य और बेहतर है। डायरिया से नियंत्रण करने हेतु पानी के स्त्रोत की जाँच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराया गया एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सराईपाली के आंगनबाड़ी केंद्र जाँच शिविर लगाया गया है। शिविर में उल्टी, दस्त, कमजोरी से संबंधित जिंक, ओ.आर.एस आदि दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है डायरिया से पीड़ित व्यक्ति आकर अपना जांच व उपचार करा सकते है। डायरिया से जल्दी उबरने एवं कमजोरी को दूर करने हेतु फलो का रस जैसे पेय अधिक से अधिक द्रव्य तरल पदार्थो का सेवन करना चाहिये।

## प्रधान जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन ने उप जेल सारंगढ़ का किया निरीक्षण

**रायगढ़**



जितेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा 24 सितम्बर 2024 को उप जेल सारंगढ़ जिला का भ्रमण किया गया। जहां उप जेल के पुरूष एवं महिला बैरक का निरीक्षण कर विधिक सहायता शिविर का भी आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियों से मिलकर उनके मामलों के संबंध में पूछताछ की गई तथा विधिक साक्षरता शिविर में नालसा द्वारा समय-समय पर पात्र बंदियों की रिहाई हेतु चलाये जा रहे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

उप जेल सारंगढ़ में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से बंदियों को उनके मामले में विधिक सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराए जाने, जिसमें पैनल अधिवक्ता/प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने एवं छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लंबे समय से जेल में है उन्हे जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई।

निरीक्षण में बंदियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा एवं चिकित्सा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई तथा बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में पूछताछ की गई। इसके अतिरिक्त बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के अंतर्गत भोजन, पेयजल, शौचालय, मनोरंजन एवं शिक्षा की जानकारी ली गई। साथ ही बंदियों के लिए वीडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से मुलाकात करने एवं न्यायालय पेशी मे उपस्थित होने के संबंध में समीक्षा की गई। उक्त शिविर में कुमारी पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सचिव अंकिता मुदलियार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, उप जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण संपन्न

**रायगढ़**




उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय नटवर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रायगढ़ के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम केवल अक्षर व संख्या ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए उल्लास आवश्यक है जिसमें असाक्षर शिक्षार्थियों को कानूनी, वित्तीय, स्वास्थ्य, बैंकिंग, डिजिटल साक्षरता आदि महत्वपूर्ण जीवन कौशल का ज्ञान होगा। प्रशिक्षार्थियों को अपने-अपने संकुल के ग्राम पंचायतों/आश्रित ग्राम के स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रोत्साहित कर असाक्षरों को नवसाक्षर बनाने में सहयोग देने हेतु मार्गदर्शन दिया। प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण साक्षर होना आवश्यक है तभी वह समाज के मुख्य धारा के साथ जुड़ पाएगा। उल्लास केंद्रों को सभी प्राथमिक शालाओं में आरम्भ किया जाने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रथम दिवस प्रशिक्षण सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी राव ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उल्लास शपथ दिलाई। उन्होंने साक्षरता तथा विश्व बैंक के संबंधों व एशियन विकास बैंक द्वारा दिए गए सलाह के आधार पर उल्लास कार्यक्रम की महत्ता को उल्लेखित कर एकाग्रता से प्रशिक्षण प्राप्त कर विकास खण्ड स्तर पर उल्लासपूर्ण व सफल प्रशिक्षण आयोजित करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए। जिला कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा नरेन्द्र चौधरी ने प्रौढ़ शिक्षार्थी के सफलतम व गरिमामय जीवन जीने हेतु जनमानस को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडऩे की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि हमारे जिले हेतु लक्षित प्रौढ़ शिक्षार्थी को अक्षर व अंक ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है जो स्वयं सेवी शिक्षक के द्वारा लक्ष्य प्राप्त किया जाना है।

प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्त्रोत व्यक्तियों ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम योजना के लक्ष्य व उद्देश्य पर परस्पर अंत: क्रिया के माध्यम से बताया गया। उल्लास कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गो के लिए आजीवन सीखने की समझ बनाने के मुख्य उद्देश्य को बताते हुए स्पष्ट किया गया कि 15वर्ष और उससे अधिक आयु वाले व्यस्कों को इस कार्यक्रम के माध्यम से साक्षर करना ताकि वे सशक्त नागरिक बन सकें और समाज के विकास में अपना योगदान दें सकें।

एसआरजी व डाईट में उल्लास कार्यक्रम प्रभारी सपन मण्डल ने तकनीकी जानकारी, नवसाक्षर प्रश्न- पत्र प्रारूप, वातावरण निर्माण, एफएलएनएटी से संबंधित गतिविधि आधारित शिक्षण पर चर्चा की। स्त्रोत व्यक्ति निरंजन पटेल, आरती साहू, गिरिजा पटेल व ओमकुमारी पटेल द्वारा उल्लास प्रवेशिका पाठन व टीएलएम के उल्लास में अनुप्रयोग के साथ खिलौना आधारित शिक्षण पद्धति जादुई पिटारा तथा ई जादुई पिटारा के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। राज्य स्त्रोत व्यक्ति रुद्र प्रसाद शर्मा ने उल्लास कार्यक्रम के क्रियान्वयन व स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका, कक्षा प्रबंधन के विषय में जानकारी दी।

प्रशिक्षणार्थियों ने प्रवेशिका आधारित पाठ योजना का निर्माण कर प्रदर्शित किया। किरण मिश्रा व्याख्याता ने उल्लास गीत व उल्लास ताली से प्रशिक्षण के सत्र को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। उल्लास एप्प व इसके प्रयोग की विधि बताई गई। जिला स्तरीय उक्त प्रशिक्षण में विभिन्न विकास खण्डों से मास्टर ट्रेनर के रुप में संकुल समन्वयक, सर्वेयर-शिक्षक व स्वयंसेवी शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर इच वन टीच वन की थीम पर रायगढ़ जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने का शपथ लिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ भुवनेश्वर पटेल व सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ आलोक स्वर्णकार के द्वारा महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480